सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ३४ सोमवार – १७/०२/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### आध्यात्मिक प्रभाव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक पुनरुद्धार और आध्यात्मिक नवजागरण के लिए अनूठे प्रयासों की श्रृंखला शुरू की है। इसी कड़ी में राज्य सरकार द्वारा 11 दिसम्बर को गीता जयंती के अवसर पर सभी जिला मुख्यालयों में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
इस विशेष अवसर पर यह जानना आवश्यक होगा कि श्रीमद् भगवद गीता एक अनूठा आध्यात्मिक मार्गदर्शी ग्रंथ है, भगवद् गीता जिसका प्रभाव पूरी दुनिया में फैल चुका है। भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य वचनों में सम्पूर्ण जीवन की व्याख्या है। संसार की समस्याओं और मनुष्य की व्यथाओं का समाधान है। "गीता" की महिमा का शाब्दिक वर्णन करना कठिन काम है। पाठकों के सुलभ संदर्भ के लिए श्रीमद् भगवद् गीता पर विश्व के महापुरुषों, महान वैज्ञानिकों, विद्वजनों और दार्शनिकों के विचारों का संकलन प्रस्तुत किया गया है। भगवान श्रीकृष्ण की कही हुई श्रीमद् भगवद् गीता के समान छोटे वपु (काया, शरीर) में इतना विपुल ज्ञानपूर्ण कोई दूसरा ग्रंथ नहीं है''– महामना पं. मदनमोहन मालवीय। "जब कभी संदेह मुझे घेरते हैं और मेरे चेहरे पर निराशा छाने लगती है; मैं क्षितिज पर गीता रूपी एक ही उम्मीद की किरण देखता हूं। इसमें मुझे अवश्य ही एक छन्द मिल जाता है, जो मुझे सांत्वना देता है। तब मैं कष्टों के बीच मुस्कुराने लगता हूँ"– महात्मा गांधीजी। गीता हमारे ग्रंथों में एक अत्यन्त तेजस्वी और निर्मल हीरा है''– लोकमान्य बालगंगाधर तिलक। मशहूर जर्मन कवि, उपन्यासकार और पेंटर हरमन हेस के जीवन पर भी गीता का विशेष प्रभाव था। उनकी कालजयी रचना शसिद्धार्थश में यह स्पष्ट होता है। उनका कहना था शगीता की सबसे अच्छी विशेषता यह है कि यह जीवन के सही मायनों को पूरी वास्तविकता के साथ सामने रखती है। उन्नीसवीं सदी के मशहूर दर्शनशास्त्री और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अल्बर्ट श्विट्ज़र मानते थे – श्रीमद भगवद् गीता मनुष्य के जीवन पर बहुत गहरा असर डालती है। यह कर्मों के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का संदेश देती है।

## अमेरिका ने 116 भारतियों को जबरन लौटाया ,पुरूषो को हथकडीया लगाई गई , अमृतसर एयरपोर्ट से पाँच घण्टे बाद घर भेजा l

### अमेरिकी एयरफोर्स का विमान ग्लोबल मास्टर शनिवार देर रात अमृतसर एयरपोर्ट पहुँचा

इस बार महिलाओं–बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर विमान में बैठाया गया था। एयरपोर्ट पर ही उनके परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इस दौरान किसी को भी मीडिया से बातचीत नहीं करने दी गई। इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीयों को जबरन लौटाया जा चुका है। इनमें बच्चों को छोड़कर महिलाओं–पुरुषों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर लाया गया था। इस तरह अब तक



220 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जा चुका है। तीसरा बैच आज (16 फरवरी) रात 10 बजे आएगा। इसमें 157 अप्रवासी भारतीय होंगे ।युवक ने हथकड़ी–बेड़ियों की पुष्टि की, चचेरे भाई मर्डर केस में डिटेन – इस विमान में डिपोर्ट हुए होशियारपुर के दलजीत सिंह ने हथकड़ियां–बेड़ियां लगाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा– हमारे हाथ बंधे थे और पैरों में जंजीरडाली गईं थी। वह डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा था। वहीं डिपोर्ट होकर आए चचेरे भाइयों संदीप और प्रदीप को पटियाला पुलिस ने डिटेन किया है। उनसे जून 2023 में दर्ज कत्ल केस के मामले में पूछताछ की जा रही है ।पंजाब के 65, हरियाणा के 33, गुजरात के 8 लोग – शनिवार को जबरन वापस भेजे गए लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से 2–2 और हिमाचल प्रदेश और जम्मू–कश्मीर से एक–एक व्यक्ति शामिल हैं। इनमें अधिकांश 18 से 30 साल की उम्र के हैं।

## केरल मे तीन दिन मे रैगिंग का दुसरा मामला ,आर्डर नही मानेने पर जुनियर का हाथ तोडा l

### तीन विधार्थी गिरफ्तार



केरल के कन्नूर जिले में एक सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल के 5 छात्रों को जूनियर स्टूडेंट के साथ रैगिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। घटना 12 फरवरी की है। मामला अब सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, पांच सीनियर छात्रों ने ऑर्डर न मानने पर एक जूनियर छात्र से मारपीट की। उसका हाथ तोड़ दिया। पीड़ित छात्र 11वीं क्लास का है। उसकी पहचान मोहम्मद निहाल के रूप में हुई है। केरल में रैगिंग से जुड़ा तीन दिन में यह दूसरा मामला है। इससे पहले कोट्टायम के नर्सिंग कॉलेज में पांच सीनियर्स ने तीन जूनियर छात्रों के कपड़े उतारकर उन्हें प्रताड़ित किया था।

## कोटा में केमिकल कंपनी ने छोडी गई गैस से स्कुली बच्चे हुए बेहोश साँस लेने मे तकलिफ ओर उल्टियाँ होने लगी

### अब तक १४ बच्चे ओर १ स्टाफ को अस्पताल मे भर्ती कराया

गैस रिलीज होने के बाद बच्चों को उल्टियां होने लगी, उनकी तबीयत बिगड़ गई। अब तक 14 बच्चे और 1 स्टाफ को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कोटा में चंबल फर्टिलाइजर कंपनी की फैक्ट्री से छोड़ी गई अमोनिया गैस स्कूल तक पहुंच गई। जिससे स्कूली बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, और वह बेहोश होकर स्कूल के ग्राउंड में गिरने लगे। इस दौरान कई बच्चों को उल्टियां भी होने लगीं।



स्कूली कर्मचारियों ने बच्चों को कंधे पर लेकर अस्पताल पहुंचाया। चंबल फर्टिलाइजर्स एंडकेमिकल लिमिटेड की फैक्ट्री के पास ही सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित है। फैक्ट्री स्कूल की बाउंड्री से अटैच है, जबकि फैक्ट्री का गेट 500 मीटर दूर है।

चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेडस्थित हॉस्पिटल के डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि गैस रिसाव के बाद अस्पताल में 15 बच्चों, एक स्टाफ और 2 गांव वालों को लाया गया। गंभीर मरीजों में से 9 बच्चों को कोटा जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड

### ट्रेन के लेट होने पर प्लेटफार्म पर भीड बढी

रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात 9:26 बजे भगदड़ मच गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्लेटफॉर्म 14 पर प्रयागराज जाने वाली 2 ट्रेनें लेट थीं, अचानक अनाउंस हुआ कि भुवनेश्वर राजधानी प्लेटफॉर्म नं. 16 पर आ रही है। भीड़ प्लेटफॉर्म–16 की तरफ भागने लगी। फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ में कुछ लोग गिर पड़े और भीड़ सभी को कुचलती चली गई।

## केरल रैगिंग केस में प्रिंसिपल और असिस्टेन प्रोफेसर सस्पेंड ,हॉस्टल के हाउसकीपर और सिक्योरिटी गार्ड भी हटाए

### केरल के कोट्टायम नर्सिंग कोलेज में रैगिंग के विरोध में बिजेपी कार्यकर्ताओर का प्रर्दशन

केरल के कोट्टायम में नर्सिंग स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग मामले में केरल सरकार ने कॉलेज की प्रिंसिपल सुलेखा ए टी को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसर व हॉस्टल के वार्डन इंचार्ज अजीश पी मणि को भी हटा दिया है। उन पर आरोप है कि वे रैगिंग रोकने और इस मामले में समय पर हस्तक्षेप करने में नाकामयाब रहे। केरल के स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, हॉस्टल के हाउसकीपर और सुरक्षा गार्ड को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। सरकार ने यह कार्रवाई मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर की जांच रिपोर्ट के आधार पर की है। केरल के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में 12 फरवरी को जूनियर्स के साथ रैगिंग का मामला सामने आया था। पांच सीनियर छात्रों ने 3 स्टूडेंट के



पहले कपड़े उतारे। फिर उनके प्राइवेट पार्ट पर डंबल (भारी वजन) लटका दिया था। सीनियर्स ने बाद में कंपास और नुकीली वस्तुओं से भी छात्रों को घायल किया। इसके बाद जख्म पर लोशन लगाया, ताकि दर्द और बढ़े। जब पीड़ित दर्द से चिल्लाने लगे, तो उनके मुंह में भी लोशन डाल दिया। तीनों पीड़ित फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट हैं और तिरुवनंतपुरम के रहने वाले हैं। आरोपियों ने प्रताड़ना का वीडियो भी बनाया, फिर धमकी दी सीनियर्स ने पीड़ितों को नग्न करके उनकी रैगिंग का वीडियो भी बनाया। इसके साथ ही धमकी दी कि अगर उन्होंने इसकी रिपोर्ट करने की हिम्मत की तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। जिससे उनका शैक्षणिक भविष्य भी खतरे में पड़ जाएगा। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि सीनियर्स रविवार को जूनियर्स से शराब खरीदने के लिए पैसे वसूलते थे। जो लोग ऐसा करने से मना करते थे, उन्हें पीटा जाता था। एक छात्र, जो अब और उत्पीड़न सहन नहीं कर पाया, उसने अपने पिता को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। रैगिंग का मामला सामने आने के बाद आरोपी छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया।

## भारत के पाँचवी पीढी का फायटर जेट के प्रोजेक्ट पर काम जारी अमेरिका से एफ-35 फाईटर जेट की डील होन मे दिक्कतें

### सरकार ने १५ हजार करोड की परियोजना को मंजुरी दी



सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर जेट के डिजाइन और विकास के लिए 15 हजार करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी थी। भारत खुद के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो 2–3 साल में पूरा हो जाएगा। रूस भी भारत को यह फाइटर जेट बेचने का ऑफर दे चुका है। रूसी हथियार कंपनी ने बेंगलुरु एयर शो में कहा कि विमान की सप्लाई के अलावा हम भारत में इसका जॉइंट प्रोडक्शन भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि इस साल से अमेरिका भारत को कई अरब डॉलर के सैन्य उपकरण बेचेगा। साथ ही एफ–35 स्टील्थ फाइटर्स देने का भी रास्ता साफ करेगा। ट्रम्प ने भले ही भारत को एफ–35 विमान देने की पेशकश कर दी हो, लेकिन इस डील को पटरी पर लाना आसान नहीं होगा। अमेरिका को अपनी संसद कांग्रेस से मंजूरी लेनी होगी। फिर भारत लागत पर विचार करेगा।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

# SWATANTRA BODDHIK PATRA


## खबरों के लिए लोगिंन करे !

# https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।


## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

## इजराइल करेगा तीन सौ पचास से अधिक फिलीस्तीन कैदियों को टी-शर्ट पहनाकर रिहा इन पर लिखा न भुले है ना माफ करेगे

अक्टुम्बर 2023 मे हमास के हजारो लडाको ने इजराईल पर हमला किया था।




इजराइल शनिवार को 369 फिलिस्तीनी कैदियों को एक खास तरह की टी–शर्ट पहनाकर रिहा करेगा। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इन टीशर्ट पर श्हम न भूलें हैं और न माफ करेंगेश लिखा हुआ है। दरअसल, हमास हर बार इजराइली बंधकों की रिहाई से पहले एक इवेंट करता है। इसमें बंधकों को लाया जाता है और उनसे हमास की तारीफ करवाई जाती है। इस इवेंट में हजारों लोग जुटते हैं। इजराइल इसी बात से नाराज है। आज भी हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया और इवेंट का आयोजन किया। सीजफायर डील के तहत इन तीनों बंधकों को रेड क्रॉस के हवाले किया गया। इसके बाद इन्हें इजराइली सेना के हवाले कर दिया गया। रिहा होने वाले तीनों पुरुष बंधकों के नाम सागुई डेकेल–चेन, साशा ट्रोफानोव और इएयर हॉर्न हैं।

498 दिन बाद इजराइल लौटे तीनों बंधक – पिछले महीने लागू हुए सीजफायर डील के तहत बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की यह छठी अदला–बदली थी। हमास अब तक इजराइल के 19 और थाईलैंड के 5 बंधकों को रिहा कर चुका है। प्क्थ का कहना है कि रिहा किए गए तीनों बंधक 498 दिन के बाद इजराइल लौटे हैं। इन तीनों को मेडिकल चेकअप के लिए प्क्थ कैंप ले जाया जाएगा। इसके बाद इन्हें उनके परिवारों से मिलाया जाएगा। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हजारों लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर 1200 लोगों की हत्या कर दी थी। इसके साथ 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था।

## पश्चिमी देशो का लोकतंत्र पर डबल स्टैडर्ड लोकतंत्र को खुद का सिस्टम मानते है , दुसरे देशो में तानाशाही ताकतो को बढावा दिया।

विदेश मंत्री एस जय शंकर ने कहा हमारे लिए लोकतंत्र थ्योरी नही डिलीवर किया हुआ वादा है

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर शुक्रवार को जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र पर पश्चिमी देशों के डबल स्टैंडर्ड पर सवाल उठाया। जयशंकर ने कहा कि पश्चिमी देश लोकतंत्र को अपने यहां की व्यवस्था मानते हैं और ग्लोबल साउथ के देशों में गैर–लोकतांत्रिक ताकतों को बढ़ावा देते हैं। जयशंकर से पूछा गया कि



क्या दुनिया भर में लोकतंत्र खतर में है। इसके जवाब में उन्होंने उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक थ्योरी नहीं, बल्किएक डिलीवर किया हुआ वादा है। हम अपने लोकतंत्र को लेकर आशावादी।

भारतीय विदेश मंत्री ने कहा– भारत ऐतिहासिक रूप से खुला समाज रहा है और चुनौतियों के बावजूद हम लोकतंत्र के लिए ईमानदारी से समर्पित रहे हैं।

## अमेरिका एक सौ उन्नीस अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजेगा ।

5 फरवरी को 104 लोगो को हथकडी और बेडिया लगाकर भारत भेजा गया ।

अमेरिका से 119 अवैध अप्रवासी भारतीयों का दूसरा बैच शनिवार की रात 10 बजे पंजाब के अमृतसर पहुंचेगा। इसमें पंजाब के 67 और हरियाणा के 33 लोग सवार होंगे। विमान के अमृतसर में लैंड करने के समय को लेकर स्थानीय प्रशासन ने कोई पुष्टि नहीं की है। 16 फरवरी को भी रात 10 बजे एक और विमान अप्रवासी भारतीयों को लेकर आएगा। इससे पहले 5 फरवरी को अमेरिकी सैन्य विमान सी–17 से 104 भारतीयों को अमृतसर पहुंचाया गया था। इन लोगों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर लाया गया था। इस बार भारतीयों को कैसे डिपोर्ट किया जाएगा, क्या उन्हें फिर से हथकड़ी–बेड़ियां पहनाकर भेजा जाएगा, इसे लेकर कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।सीएम मान ने कहा– यह पंजाबियों को बदमान करने की साजिश –




अमृतसर में मुख्यमंत्री भगवंत सिंहमान ने आज कहा, श्पंजाब में अवैध अप्रवासियों के विमान उतारना गलत है। यह पंजाब को बदनाम करने की साजिश है। जो लोग गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गए थे, उन्हें डिपोर्ट किया जा रहा है। पहले भी जो लोग डिपोर्ट हुए थे, उनमें अलग–अलग प्रदेशों के लोग थे। फिर विमान अमृतसर में क्यों उतारे जा रहे हैं।पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने कहा, श्ऐसा करके केंद्र सरकार पंजाब को बदनाम करना चाहती है। वह प्लेन को गुजरात, हरियाणा या दिल्ली में क्यों नहीं उतरवाते।


## मोदी - ट्रम्प के बीच बांग्लादेश पर बातचीत हुई अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हसीना सरकार गिराने में हमारा हाथ नही - विदेश मंत्रालय



विदेशी सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की मुलाकात में बांग्लादेश के हालात पर चर्चा हुई है। पीएम मोदी ने अपने अमेरिकी दौरे पर राष्ट्रपति ट्रम्प से बांग्लादेश के हालात पर बात की। विदेशी सचिव विक्रम मिस्री ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की मुलाकात में बांग्लादेश के हालात पर चर्चा हुई है। वहीं, अगले हफ्ते भारत और बांग्लादेश के बीच बॉर्डर को लेकर बातचीत होनी है। इस बैठक में बॉर्डर पर बाड़ लगाने और बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा बीएसएफ सैनिकों और भारतीय नागरिकों पर हमलों पर भी बात की जाएगी। ट्रम्प बोले– बांग्लादेश की पिछली सरकार गिराने में हमारा हाथ नहीं उधर, ढाका के राजनीतिक गलियारों में ये चर्चाएं हैं कि अमेरिका के डीप स्टेट के दखल से देश में विरोध प्रदर्शन बढ़े और आवामी लीग की सरकार गिर गई। जब मोदी से मुलाकात से पहले ट्रम्प से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब दिया कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन में अमेरिका का हाथ नहीं है।

ट्रम्प ने कहा – इसमें हमारे डीप स्टेट का कोई रोल नहीं था। यह ऐसी बात है, जिस पर भारतीय पीएम लंबे समय से काम कर रहे हैं। इस पर कई साल से काम हो रहा है। मैं इसके बारे में पढ़ता रहा हूं, लेकिन बांग्लादेश के मुद्दा पर पीएम मोदी बात करें तो बेहतर होगा।

## चेनोर्बिल परमाणु रिएक्टर पर ड्रोन हमला युक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वीडीयो शेयर किया ।



यूक्रेनी राष्ट्रपति ने चेर्नोबिल एटॉमिक प्लांट के पावर रिएक्टर नंबर 4 पर ब्लास्ट का वीडियो शेयर किया। जेलेंस्की के आरोप को लेकररूस ने अभी तक कोई रिएक्शन नहीं दिया है यूक्रेन के चेर्नोबिल एटॉमिक प्लांट पर गुरुवार रात ड्रोन हमला हुआ। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस अटैक का आरोप रूस पर लगाया है। जेलेंस्की नेकहा कि गुरुवार देर रात विस्फोटकों से लैस एक रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल प्लांट के कॉन्क्रीट से बने सेफ्टी कवच पर हमला किया। हमले में इस कवच को नुकसान पहुंचा है। हालांकि रूस ने ऐसे किसी हमले से इनकार किया है। जेलेंस्की के मुताबिक, यह हमला तबाह हो चुके पावर रिएक्टर नंबर– 4 पर किया गया। हमले के चलते इमरात में आग लग गई थी, जिसे बुझा दिया गया है। 1986 में हुए चेर्नोबिल ब्लास्ट के बाद रेडिएशन रोकने के कॉन्क्रीट की यह एक शील्ड बनाई गई थी। इसके अलावा किसी और नुकसान या रेडिएशन का लेवल बढ़ने की कोई खबर नहीं है।

## मुम्बई हमले मे शामिल पाकिस्तानी बिजनेस मेन तहव्वुर राणा को भारत को सौपेगा अमेरिका



13 फरवरी को अमेरिका में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच मुलाकात हुई। इस मुलाकात में एक पाकिस्तानी बिजनेसमैन के बारे में भी बात हुई। जब बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प से इस बिजनेसमैन के बारे में सवाल पूछा गया, तो ट्रम्प ने उसे दुनिया के सबसे बुरे लोगोंमें से एक बताया। ट्रम्प ने कहा कि उसे भारत को सौंपने में मुझे खुशी हो रही है। अब वह भारत जाकर न्याय का सामना करेगा। जवाब में पीएम मोदी ने ट्रम्प को शुक्रिया कहा। ट्रम्प ने कहा – मुझे ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि मेरी सरकार ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में शामिल और मुंबई के खौफनाक हमलों की साजिश के आरोपी के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अब वह भारत जाकर न्याय का सामना करेगा।

## ट्रम्प ने 9500 लोगों को सरकारी नौकरी से निकाला, पैसे की बर्बादी रोकने का हवाला दिया



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को करीब 9500 लोगों को सरकारी नौकरी से निकाल दिया। ट्रम्प ने इसके पीछे पैसे की बर्बादी रोकने का हवाला दिया। इससे पहले 75 हजार लोगों ने ट्रम्प और मस्क का बायआउट ऑफर (स्वेच्छा से नौकरी छोड़ने पर भुगतान) स्वीकार करते हुए मर्जी से सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। यह 23 लाख सरकारी कर्मचारियों के लगभग 3ः के बराबर है। ट्रम्प का कहना है कि केंद्रीय सरकार बहुत ज्यादा कर्ज में डूबी हुई है। हमें बर्बादी और धोखाधड़ी की वजह से बहुत ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ा है। पिछले साल के 1.8 ट्रिलियन डॉलर घाटे के साथ हमारे देश पर लगभग 36 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है।

## पीएम मोदी अमेरिका दौरे से वापस दिल्ली लौटेरूट्रम्प बोले– मोदी मुझसे बेहतर नेगोशिएटर, भारत को थ्–35 फाइटर जेट देने के लिए अमेरिका तैयार

पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरा खत्म कर वापस दिल्ली लौट आए हैं। उन्होंने शुक्रवार देर रात 3 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात की। दोनों नेता करीब ढाई घंटे तक साथ रहे। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। ट्रम्प–मोदी ने 2 बार मीडिया से बात की। ट्रम्प ने टैरिफ मामले पर मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें एक टफ नेगोशिएटर (मोलभाव करने वाला) बताया। उन्होंने कहा कि च्ड मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं और वे अच्छा काम कर रहे हैं। वो मुझसे भी बेहतर नेगोशिएटर हैं। ट्रम्प ने भारत को थ्–35 फाइटर जेट देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने 2008 में मुंबई हमले के आतंकी तहव्वुर राणा को भारत भेजने की बात कही। वहीं, च्ड मोदी ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने पर ट्रम्प को बधाई दी। मोदी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मुझे ट्रम्प के साथ दोबारा काम करने का अवसर मिला है। मेरे और ट्रम्प के मिलने का मतलब एक और एक ग्यारह

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा